web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 31 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 124

# कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी, श्रीनगर हवाईअड्डे से उड़ानें रद्द, नेशनल हाइवे भी बंद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर घाटी में सोमवार सुबह भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर हवाईअड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं और राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद कर दिया गया। पूरी घाटी में भारी बर्फबारी हो रही है और जम्मू संभाग में भी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 12 घंटों के दौरान इसी तरह का मौसम जारी रहेगा। घाटी में भारी बर्फबारी हुई और जम्मू संभाग में सोमवार सुबह से ही बारिश हो रही है।



मौसम विज्ञान (एमईटी) विभाग के एक अधिकारी ने कहा, अगले 12 घंटों के दौरान प्रतिकूल मौसम जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सोमवार शाम से मौसम में सुधार होगा। श्रीनगर शहर में सोमवार सुबह तक पांच इंच बर्फ जमी हुई है, जबकि गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में एक से तीन फुट बर्फबारी हुई है।

सडक़ के रामबन-बनिहाल खंड में कई स्थानों पर पत्थर गिरने और मिट्टी धंसने के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद कर दिया गया है। खराब विजिबिलिटी के कारण श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। गिरती बर्फ और खराब विजिबिलिटी के कारण सुबह के समय कोई भी विमान हवाईअड्डे पर ना तो उतर सका नाही उड़ान भर सका।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.2, पहलगाम में माइनस 1.4 और गुलमर्ग में माइनस 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र में कारगिल में न्यूनतम तापमान माइनस 6.8 और लेह में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू में 10.4, कटरा में 9, बटोटे में 1.2, बनिहाल में 0.2 और भद्रवाह में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

**उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी, उधमसिंह नगर समेत कई शहरों में कल रात हुई झमाझम बारिश से मौसम में काफी गिरावट आई है। आईएमडी ने रविवार और सोमवार दोनों दिन उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई थी। आज भी देहरादून समेत कई शहरों में बारिश हो सकती है। वहीं, ऊंचाई वाले इलाकों मसूरी, धनोल्टी, जोशीमठ, गौरीकुंड, चमोली समेत कई इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। मंगोत्री में कई फीट बर्फबारी से तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया है।

**हिमाचल में बर्फबारी, उत्तराखंड में ऑरेंज अलर्ट**

हिमाचल प्रदेश के उंचे इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई है। रोहतांग दर्रा, कुंजम दर्रा, बारालाचा सहित सीबी रेंज की पहाडिय़ों में भारी बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के बाद समूचा हिमाचल शीतलहर की चपेट में आ गया है। इन इलाकों में हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। उधर उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ के चलते रविवार से मौसम बदल गया। कई जिलों में बारिश होने से ठंड बढ़ गई। सोमवार को भी चार जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। छह अन्य जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है।

**उत्तर भारत में और गिरेगा तापमान, तेज बारिश और तूफान के साथ बदलेगा दिल्ली-एनसीआर का मौसम-** दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सप्ताह के पहले दिन भी मौसम के बदले मिजाज से राहत मिलती दिख नहीं रही है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबकि, राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में अगले दो घंटे में आंधी-तूफान के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होगी। बारिश का यह दौर सोमवार को पूरे दिन जारी रहने का अनुमान है। साथ ही इस कड़ाके की ठंड का दौर एक बार फिर लौट सकता है। मौसम विभाग ने एक दिन पहले ही पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बारिश का अलर्ट जारी किया था। इस अलर्ट में बताया गया था कि मंगलवार तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। अब सोमवार सुबह मौसम विभाग की तरफ से एक लेटेस्ट अलर्ट जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि अगले कुछ घंटों में दिल्ली और एनसीआर से जुड़े इलाकों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है।

## धनबाद में एक और अग्निकांड, आग लगने से 19 दुकानें जल कर खाक

**धनबाद (आरएनएस)।** धनबाद के कुमारधुबी बाजार में सोमवार को अहले सुबह लगी भीषण आग में एक साथ 19 दुकानें जलकर राख हो गईं। फायर ब्रिगेड की तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन इस अग्निकांड में दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। बीते शनिवार को धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में एक प्राइवेट हॉस्पिटल में लगी आग में डॉक्टर दंपति सहित पांच लोगों की जान चली गई थी। दो दिनों के अंतराल में आग लगने से यह दूसरा बड़ा हादसा सामने आया है।

कुमारधुबी बाजार की कुछ दुकानों में सोमवार सुबह आग लगने की खबर फैली तो स्थानीय लोगों ने पहले खुद इसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग ने देखते-देखते 19 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की चार गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद इसपर काबू पाया जा सका।

आग लगने से कपड़े की चार दुकानें, दो पूजा भंडार और 13 फल एवं सब्जी की दुकानें जलकर राख में तब्दील हो गईं। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। दुकानदारों में से कुछ का कहना है कि इसके पीछे किन्हीं असामाजिक तत्वों की शरारत हो सकती है।

उधर धनबाद के हाजरा क्लिनिक एंड हॉस्पिटल में बीते शनिवार को आग लगने से पांच लोगों की मौत की घटना को लेकर जिला पुलिस और प्रशासन ने जांच टीम गठित की है। फॉरेसिंक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। हॉस्पिटल को सील कर दिया गया है। आईएमए की धनबाद इकाई ने इस हादसे की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। मृतक डॉक्टर दंपति की पुत्री ने भी इस अग्निकांड को किसी साजिश का हिस्सा बताया है।

00

## रांची में पुलिस और नक्सलियों में जबरदस्त मुठभेड़

**❒ 100 राउंड से ज्यादा चली गोलियां**

**रांची (आरएनएस)।** रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से 100 राउंड से भी ज्यादा फायरिंग हुई। पुलिस का कहना है कि तीन से चार नक्सली गोली लगने से घायल हुए हैं, लेकिन उनके साथी उन्हें लेकर जंगलों में भागने में सफल रहे।

चर्चा है कि इनमें से एक नक्सली की मौत हो गई है। पुलिस रविवार रात से ही सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस दौरान 777 कारतूसों के जखीरे के अलावा सात वॉकी-टॉकी और कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

बताया गया कि रांची के एसएसपी को सूचना मिली कि हथियारबंद नक्सलियों का एक दस्ता इलाके के ईंट भ_ा व्यवसायियों से लेवी (रंगदारी) वसूलने के लिए सूमो जंगल में इक_ा हुआ है। इसपर डीएसपी अनिमेष नैथानी की अगुवाई में टीम गठित कर मौके पर भेजी गई।

जंगल में पुलिस टीम के दाखिल होते ही नक्सलियों ने जोरदार फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों के इस दस्ते को दस्ता टीएसपीएस के एरिया कमांडर दिनेश गंझू उर्फ तिवारी लीड कर रहा था। पुलिस की फायरिंग में कुछ नक्सलियों के जख्मी होने के बाद पूरा दस्ता उसे लेकर जंगल का लाभ उठाकर भाग खड़ा हुआ।

बता दें कि इसके पहले बीते 23 जनवरी की रात बुढ़मू से सटे ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे पुलिस ने एक मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के एरिया कमांडर विशाल शर्मा को मार गिराया था। इस दौरान दोनों ओर से दर्जनों राउंड फायरिंग हुई थी।

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 4 आंतकी गिरफ्तार, अवंतीपोरा में ठिकाने को किया गया नष्ट

**श्रीनगर (आरएनएस)।** सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के चार आतंकियों को गिरफ्तार करने के बाद एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कश्मीर जोन पुलिस ने अपने ट्विटर पेज पर कहा, पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ अवंतीपोरा के हफू नगेनपोरा जंगलों में आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया। आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े 4 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने कहा कि कार्रवाई के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अपने ट्वीट में कहा, मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है।

## हाईकोर्ट ने समलैंगिक विवाहों को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में किया स्थानांतरित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को विशेष विवाह अधिनियम, हिंदू विवाह अधिनियम और विदेशी विवाह के तहत अपने विवाह को मान्यता देने की मांग करने वाले कई समलैंगिक जोड़ों की आठ याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया। 6 जनवरी को, शीर्ष अदालत ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता प्रदान करने के संबंध में सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। इसने कहा था, चूंकि याचिकाओं के कई बैच दिल्ली, केरल और गुजरात उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं, इनमें एक ही प्रश्न शामिल है, हमारा विचार है कि उन्हें इस न्यायालय द्वारा स्थानांतरित और तय किया जाना चाहिए। हम निर्देश देते हैं कि सभी रिट याचिकाएं इस कोर्ट को स्थानांतरित हो जाएंगी।

प्रधान न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ ने सोमवार को अपने आदेश में कहा, इस अदालत की राय है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में सभी मामले उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किए जाते हैं। कार्यालय रिकॉर्ड को तुरंत स्थानांतरित करने का निर्देश दिया जाता है। याचिकाएं अब 13 मार्च को सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत के समक्ष सूचीबद्ध हैं। मामले में याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता अरुंधति काटजू पेश हुईं।

अभिजीत अय्यर मित्रा ने हिंदू विवाह अधिनियम के तहत एलजबीटीक्यूआईए जोड़ों के बीच विवाह के पंजीकरण का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय से स्थानांतरित की गई याचिकाओं में से एक याचिका प्रस्तुत की। उन्होंने दावा किया है कि अधिनियम ऐसे शब्दों का उपयोग करता है जो लिंग-तटस्थ हैं और समान-लिंग विवाहों को प्रतिबंधित नहीं करते हैं।

ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारक जॉयदीप सेनगुप्ता और उनके साथी रसेल ब्लेन स्टीफंस द्वारा दायर एक अलग याचिका में अदालत से की प्रार्थना की गई है कि भारतीय नागरिक या ओसीआई कार्डधारक के विदेशी मूल के पति या पत्नी ओसीआई के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करने के हकदार हैं।

पिछले साल 25 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों द्वारा विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग वाली दो याचिकाओं पर केंद्र और अटॉर्नी जनरल को नोटिस जारी किया था।

समलैंगिक जोड़े पार्थ फिरोज मेहरोत्रा और उदय राज द्वारा दायर एक अन्य याचिका में कहा गया है कि समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना अनुच्छेद 14 और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का उल्लंघन है।

## आर्थिक तंगी ने ली जान! नासिक में एक ही परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

**नासिक (आरएनएस)।** महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के नासिक में एक घर में एक ही परिवार के तीन लोगों ने मौत को गले लगा लिया है। पिता और दो बेटों ने अलग-अलग कमरों में फांसी लगाकर सुसाइड किया है। घटना रविवार के दिन की बताई जा रही। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। इलाके के लोग खबर सुनकर काफी हैरान हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार के तीन लोगों ने आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या की है। मृतकों की पहचान दीपक शिरोडे (पिता, उम्र 55 वर्ष), प्रसाद शिरोडे (बड़ा बेटा, उम्र 25 वर्ष), राकेश शिरोडे (छोटा बेटा, उम्र 23 वर्ष) के रूप में हुई है। दीपक शिरोडे की अशोक नगर इलाके में फल की एक दुकान थी। घटना के वक्त पत्नी और सबसे छोटा बेटा मंदिर गए थे। घर लौटने पर उन्होंने तीनों को फंदे से लटका पाया।

दीपक शिरोडे के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खबराब थी। उन्होंने कर्ज भी ले रखा था। पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें बताया गया है कि उन्होंने आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सतपुर थाना के पुलिस अधिकारी सतीश घोटेकर ने कहा है कि पुलिस इस संबंध में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में कहा गया है कि वे एक साहूकार के उत्पीडऩ से बचने के लिए यह कदम उठा रहे हैं। साहूकार से उन्होंने पैसे उधार लिए थे। 29 जनवरी की दोपहर 12 बजे जब दीपक शिरोडे की पत्नी मंदिर से वापस लौटी और दरवाजा खटखटाया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उन्होंने आस-पड़ोस से मदद मांगी। दरवाजा तोडक़र जब लोग घर के अंदर गए तो वहां तीनों को फांसी के फंदे पर लटका पाया।

## गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर उत्तराखंड की झांकी ने प्रथम स्थान पाकर बनाया इतिहास

**देहरादून (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस परेड को अभी तक राजपथ के नाम से जाना जाता था, किंतु इस वर्ष उसका नाम बदलकर कर्तव्य पथ रखा गया है। नाम बदलने के बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की यह पहली परेड थी, जिसमे उत्तराखंड की झांकी मानसखंड को देश में प्रथम स्थान मिलने से इतिहास में उत्तराखंड राज्य का नाम दर्ज हो गया है।




**सीएम ने दी बधाई, हम सभी के लिए गौरव का पल-** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सबके लिए गौरवशाली पल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में गढ़वाल का केदारखंड और कुमाऊं का मानसखंड के रूप में वर्णन किया गया है। स्कंदपुराण में मानसखंड के बारे में बताया गया है। जागेश्वर मंदिर की बहुत धार्मिक मान्यता है। प्रधानमंत्री जी ने हमेशा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने की बात कही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक नवजागरण में उत्तराखंड सरकार भी काम कर रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत चार धाम की तर्ज पर कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है।

**झांकी का विषय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था-** भारत सरकार को भेजे गए झांकी का विषय/टाइटिल मानसखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुझाया था। उन्होंने मंदिर माला मिशन के अंतर्गत मानसखंड के रूप में इस विषय का सुझाव दिया था।

**गणतंत्र दिवस से पहले मुख्यमंत्री ने दिल्ली जाकर खुद किया था झांकी का निरीक्षण-** झांकी निर्माण की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब दिल्ली कैंट में झांकी का निर्माण किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने झांकी का निरीक्षण करते हुए झांकी को उत्कृष्ट एवं राज्य की संस्कृति के अनुरूप निर्माण के लिये सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक/ नोडल अधिकारी के एस चौहान को निर्देश दिए थे तथा झांकी के कलाकारों से मिलकर उनको शुभकामनाएं भी दी थी

**दिन रात की जाती है कलाकारों द्वारा मेहनत-** झांकी के निर्माण तथा झांकी में सम्मिलित कलाकार दिन रात मेहनत करते है। झांकी निर्माण का कार्य 31 दिसंबर को प्रारंभ किया गया था, जिसको सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक किया जाता है। साथ ही झांकी में सम्मिलित कलाकारों को टीम लीडर के साथ कड़ाके की सर्दी में कर्तव्य पथ रिहर्सल के लिए 4 बजे जाना पड़ता है।

**ऐसे होता है झांकी का अंतिम चयन-** सितंबर माह में भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं मंत्रालयों से प्रस्ताव मांगे जाते हैं।अक्टूबर तक राज्य सरकारें विषय का चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजती है।उसके बाद भारत सरकार प्रस्तुतिकरण के किये आमंत्रित करती है। पहले बार की मीटिंग में विषय के आधार चार्ट पेपर में डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करना होता है। आवश्यक संशोधन करते हुए तीन बैठके डिजाइन निर्माण के सन्दर्भ में होती है जिन प्रदेशों के डिजाइन कमेटी को सही नही लगते हैं उनको शार्टलिस्ट कर देती है। उसके बाद झांकी का मॉडल बनाया जाता है। मॉडल के बाद थीम सॉंग 50 सेकंड का जो उस प्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करता हो तैयार किया जाता है। इस प्रकार जब सभी स्तर से भारत सरकार की विशेषज्ञ समिति संतुष्ट हो जाती है तब झांकी का अंतिम चयन किया जाता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर बैन सही या गलत? सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, 6 फरवरी को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गुजरात दंगों पर बीबीसी डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्योश्चन' के बैन का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले की 6 फरवरी को सुनवाई होने जा रही है। दिल्ली के एड्वोकेट ने सरकार की तरफ से डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। उन्होंने सरकार के कदम को मनमाना और असंवैधानिक बताया था। इसके अलावा वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की याचिका पर भी सोमवार को सुनवाई होगी। दिल्ली के एक वकील ने मनामाना और असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने 2002 के गुजरात दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। याचिकाकर्ता ने सरकार के 21 जनवरी के आदेश को रद्द करने की भी मांग उठाई है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष उन्होंने मामले की जल्द सुनवाई की अपील की है। इस पर सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया है और मामले को छह फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से दो यूवकों की मौत

**धौलपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के धौलपुर जिले में नादनपुर-सरमथुरा रोड स्थित खुर्दिया पुल पर एक ट्रैक्टर पलटने से दो यूवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात को सरमथुरा से लकडिय़ा लेकर बसेड़ी जा रहा ट्रैक्टर पलट गया जिससे दो युवकों की मौत हो गई है। दुर्घटना में वीरु निवासी सरमथुरा, चरण सिंह निवासी जगनेर की घटनास्थल पर मौत हुई है। हादसे की सूचना पर सरमथुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### दर्दनाक : बड़े वाहन के पहिए में फंसकर अलग हुआ लड़की की खोपड़ी का एक हिस्सा

**मांड्या (आरएनएस)।** कर्नाटक के मांडया जिले में एक भयानक घटना में, एक लडक़ी की खोपड़ी का एक हिस्सा बड़े वाहन के पहिये के नीचे आने के कारण अलग हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की पहचान 16 वर्षीय श्रीविद्या के रूप में हुई है। लडक़ी के माता-पिता की शिकायत के बाद, श्रीरंगपटना टाउन पुलिस ने मंड्या जिले के होसबुदनुरु निवासी रमेश, जो वाहन का मालिक है, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि रविवार को खेलते समय लडक़ी के बाल किसी बड़े वाहन के पहिए में फंस गए और कुछ ही सेकंड में उसकी खोपड़ी का एक हिस्सा अलग हो गया। उसके माता-पिता और आसपास के लोग उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। उसे आगे के इलाज के लिए मैसूर शहर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### एयर इंडिया पेशाब मामला : शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को शंकर मिश्रा की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मिश्रा पर न्यूयॉर्क-दिल्ली एयर इंडिया के विमान में नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला सहयात्री के ऊपर पेशाब करने का आरोप है। पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) हरज्योत सिंह भल्ला ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने कथित तौर पर जो किया है वह घिनौना है, लेकिन अदालत कानून का पालन करने के लिए बाध्य है। एएसजे भल्ला ने कहा, यह घृणित हो सकता है। यह एक और मामला है, लेकिन हमें इसमें नहीं पडऩा चाहिए। आइए देखें कि कानून इससे कैसे निपटता है। मिश्रा की जमानत याचिका पर आदेश मंगलवार को पारित होने की संभावना है। 27 जनवरी को शिकायतकर्ता के वकील अंकुर महेंद्रो ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें जमानत याचिका की प्रति नहीं सौंपी गई है, जिसके बाद एएसजे ने मामले को स्थगित कर दिया था। 21 जनवरी को मिश्रा की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी।